# नए प्रोडक्ट्स पेश कर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**चौथी वाणी/गया।** शालीमार पेंट्स लिमिटेड ने कोलकाता में आयोजित शानदार समारोह में अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट हीरो की कामयाबी का जश्न मनाया और साथ ही कई नवाचारी प्रोडक्ट्स पेश कर पोर्टफोलियो में भी विस्तार किया है। इस इवेंट में खासतौर से हीरो 5-इन-1 सुपर प्रीमियम इंटीरियर इमल्शन की जबरदस्त सफलता का जश्न मनाते हुए हीरो सुपर प्रीमियम एक्सटीरियर इमल्शन तथा हीरो इंटीरियर एक्सटीरियर को लांच किया गया। कुलदीप रैना, डायरेक्टर-सेल्स एंड मार्केटिंग ने कहा कि यह इवेंट वास्तव में नवाचार और उत्कृष्टता हासिल करने के शालीमार पेंट्स के अथक प्रयासों का सबूत है। यह कैम्पेन ग्राहकों को उन्नत टैक्नोलॉजी के इस्तेमाल से तैयार पेंट्स से अपने घरों की शोभा बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है।